ये मैया मेरी है सब से बोल देंगे हम

ये मैया मेरी है सब से बोल देंगे हम,
तोड़ के दुनिया से नाता माँ तुमसे जोड़ लेंगे हम,
ये मैया मेरी है सब से बोल देंगे हम,

तुम्हारा ही भरोसा है तुम्हारा ही सहारा है
मेरी आँखों के आगे माँ बस तेरा ही नजारा है,
एक यही विनती है पास रखना मैया हर दम,
ये मैया मेरी है सब से बोल देंगे हम,

जो कुछ भी पास है मेरे तुम्हारी है मेहरवाणी
तुम्हारी ही दया से माँ चले मेरा दाना पानी
मुझे भी अपना लो सफल हो जाएगा जन्म
ये मैया मेरी है सब से बोल देंगे हम,

सभी बेटे माँ तेरे हमे इक बार कह दे तू
या हम को लेकर गोदी में थोडा सा प्यार कर ले तू
अगर माँ मिल जाए जमाना छोड़ देंगे हम
ये मैया मेरी है सब से बोल देंगे हम,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/19897/title/ye-maiya-meri-hai-sab-se-bol-denge-hum

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |